इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, मंगलवार, 4 मार्च 2025
वर्ष 17 अंक 180 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

स्वतंत्रता के लिए लाखों लोगों ने अपना जीवन बलिदान कर दिया लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों के कारण हमें सही स्वतंत्रता नहीं मिली।
- अन्ना हजारे

तापमान - अधिकतम 30.0°C (+0.4) न्यूनतम 12.9°C(-0.5) सेंसेक्स 73,085.94 (-112.16) निफ्टी 22,119.30 (-005.40) सोना 86,770 चांदी 97,000 मुद्रा - डालर 87.28 दिरहम 23.76 रियाल 22.27

एरा विवि में रूस, ऑस्ट्रेलिया व एम्स के विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान

लखनऊ (सं)। एरा यूनिवर्सिटी में आयोजित व्याख्यान श्रृंखला में रूस, ऑस्ट्रेलिया और एम्स भोपाल के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी ने कहा कि मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी, रूस के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, एरा यूनिवर्सिटी और मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी रूस के मेडिकल इंस्टीट्यूट के बीच पिछले हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये व्याख्यान छात्रों और युवा शिक्षकों को दुनिया भर में हो रहे नवीनतम विकास के बारे में जानने और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों से बातचीत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

रूस के मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के एंडोक्राइनोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. इन्ना मिसनिकोवा ने डायबिटीज में प्रिसिजन मेडिसिन: मॉलिक्यूलर हाइड्रोजन क्रोनो न्यूट्रीशन की भूमिका और जोखिम संशोधन पर बात की। रूस के मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के एंडोक्राइनोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. स्वेतलाना शौकुर ने 2 अलग-अलग प्रकार के डाइटरी फाइबर की प्रतिक्रिया में सांस में हाइड्रोजन और मीथेन का पता लगाने और भोजन के बाद ग्लूकोज सांद्रता के साथ इसके संबंध पर बात की।

भोपाल के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के बायोकेमिस्ट्री विभाग के प्रमुख डॉ. जगत आर. कंवर ने प्रिसिजन मेडिसिन में नैनो टेक्नोलॉजी के उपयोग पर बात की। उन्होंने दवा वितरण और कैंसर के इलाज में नैनोकणों की भूमिका के बारे में विस्तार से बात की।

अंत में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न से आए एडवारा हार्ट केयर के प्रमुख तथा जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नजर लुकमान बिलयामी ने कोरोनरी धमनी रोग के जोखिम की रणनीति, रोकथाम और शीघ्र निदान पर बात की। व्याख्यान में बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर छात्र, पीएचडी विद्वान, प्रोफेसर शेर अली, प्रोफेसर जमाल मसूद, प्रोफेसर तस्लीम रजा सहित संकाय सदस्य शामिल हुए।